**INTERMEDIATE EXAMINATION – 2020 (ANNUAL)**

**HINDI (Model Set)**

**I.A. NRB-MB-Non-HINDI**

**समय : 01 घंटा 37.5 मिनट (हिन्दी) पूर्णांक :– 50**

**Time: 01 Hrs. 37.5 Minutes Full Marks : 50**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 7.5 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
5. खण्ड–अ में 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है) इन 30 प्रश्नों में से किन्हीं 25 प्रश्नों का उत्तर दिया जाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी द्वारा 25 से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिए जाने की स्थिति में कम्प्यूटर द्वारा प्रथम 25 प्रश्नों का मूल्यांकन किया जाएगा। इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR–शीट में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।)
6. खण्ड–ब में कुल 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।
7. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक–यंत्र का प्रयोग वर्जित है।



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 30 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। इन 30 प्रश्नों में से किन्हीं 25 प्रश्नों के सही विकल्प को OMR–शीट पर चिह्नित करें। (1x25=25)

1. इनमें रामधारी सिंह दिनकर की रचना कौन है?

(A) उमंग (B) उत्तरा

(C) काल–रात्रि (D) संस्कृति के चार अध्याय

2. 'क्रोध' शब्द का लिंग निर्णय करें–

(A) स्त्रीलिंग (B) पुल्लिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोइ नहीं

3. 'आलोक' शब्द का विलोम शब्द होता है–

(A) प्रकाश (B) अंधकार

(C) रोशनी (D) नलोक

4. 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' किसके द्वारा लिखी गयी है?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी (B) हरिशंकर परसाई

(C) प्रेमचंद (D) रामवृक्ष बेनीपुरी

5. महादेवी वर्मा का जन्म स्थान है–

(A) उतर–प्रदेश (B) बिहार

(C) राजस्थान (D) मध्य–प्रदेश



BiharboardQuestionpaper.com

6. 'सुन्दर का ध्यान कहीं सुन्दर' शीर्षक कविता के लेखक हैं–

(A) गोपाल सिंह नेपाली (B) रामनरेश त्रिपाठी

(C) रामधारी सिंह दिनकर (D) सुमित्रानंदन पन्त

7. 'अपने पैरों पर खड़ा होना' मुहावरे का अर्थ लिखें–

(A) अच्छे तरीके से खड़ा होना (B) स्वावलम्बी होना

(C) एक पैर पर खड़ा होना (D) तैयार होना

8. रहीम की दोहावली में कितने दोहे संग्रहित हैं?

(A) पचास (B) सौ

(C) दो सौ (D) तीन सौ

9. 'जल' शब्द का पर्यायवाची होगा–

(A) असि (B) मद (C) नीर (D) पीयूष

10. हरिशंकर परसाई का जन्म कब हुआ था?

(A) सन् 1920 में (B) सन् 1922 में

(C) सन् 1924 ई0 में (D) सन् 1926 में

11. 'कलम का सिपाही' किस रचनाकार को कहा जाता है?

(A) रामधारी सिंह दिनकर (B) प्रेमचंद

(C) रामवृक्ष बेनीपुरी (D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

12. 'जीवन और यौवन' के रचयिता है?

(A) गोपाल सिंह नेपाली (B) सुमित्रानंदन पंत

(C) आरसी प्रसाद सिंह (D) रामनरेश त्रिपाठी

13. 'महर्षि' शब्द का संधि–विच्छेद है–



BiharboardQuestionpaper.com

(A) मर्ह+ऋषि

(B) महान्+ऋषि

(C) महा+ऋषि

(D) महो+ऋषि

14. 'कमर कसना' मुहावरे का अर्थ है–

(A) मेहनत करना

(B) सचेत होना

(C) दृढ़ निश्चय कर लेना

(D) सतर्क रहना

15. 'जिसके दस आनन हैं'–

(A) दसन

(B) दशानन

(C) दसनन

(D) दसज

16. 'देवता' शब्द का लिंग–निर्णय करें–

(A) स्त्रीलिंग

(B) पुल्लिंग

(C) उभयलिंग

(D) इनमें से कोई नहीं

17. 'बुढ़ापा' शब्द है–

(A) जातिवाचक संज्ञा

(B) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(C) भाववाचक संज्ञा

(D) द्रव्यवाचक संज्ञा

18. 'जीव' शब्द का विशेषण है–

(A) जैविक

(B) जन्तु

(C) जीवन

(D) जीवित

19. दो बार जन्म लेने वाला कहलाता है?

(A) दो जन्मा

(B) दूजा

(C) द्विज

(D) इनमें से कोई नहीं

20. 'मंगर' किस स्वभाव का था ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) अहंकारी (B) स्वाभिमानी

(C) इर्ष्यालु (D) कठोर

21. 'पंच' में किसका वास होता है?

(A) परमेश्वर का (B) महात्मा का

(C) शैतान का (D) गरीब का

22. 'प्रधान' शब्द का विलोम शब्द है–

(A) लघु (B) गौण

(C) तुच्छ (D) क्षीण

23. 'मास' शब्द का विशेषण होता है?

(A) माह (B) वर्ष (C) मासिक (D) महीना

24. प्रसिद्ध हिन्दी कवि रहीम का पूरा नाम क्या है?

(A) रहीम जी (B) रहीम खाँ

(c) अब्दुल रहीम (d) अब्दुर्रहीम खानखाना

25. दिनकर जी की रचना कौन नहीं है?

(A) रसवन्ती (B) पल्लव

(C) रेणुका (D) सामधेनी

26. 'आदान' शब्द का विलोम है–

(A) कृपालु (B) प्रदान

(C) स्नेहित (D) शैतान

27. 'ऐसा ना हो कोई आ जाए' कौन सर्वनाम है?

(A) निश्चयवाचक (B) अनिश्चयवाचक



BiharboardQuestionpaper.com

(C) संबंधवाचक (D) प्रश्नवाचक

28. 'नेता' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है?

(A) नेत्री (B) नेताजी

(C) नेतृ (D) नेतिन

29. 'नायक' शब्द का संधि–विच्छेद है–

(A) ना+यक (B) नै+अक

(C) न+अयक (D) नाय+क

30. 'आनंद' शब्द का पर्यायवाची है–

(A) आगार (B) मधवा

(C) आमोद (D) आयतन



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड – ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

***विषयनिष्ठ प्रश्न कुल 25 अंकों का होगा।***

1. निम्नलिखित में से किसी एक का भावार्थ लिखें– 1X5=5

(क) ''निर्झर कहता है–''बढ़े चलो !

तुम पीछे मत देखो मुड़कर।''

यौवन कहता है–''बढ़े चलो !

सोचो मत होगा क्या चलकर।''

(ख) भारत एक जलज, जिस पर जल का दाग न लगता है।

भारत है संज्ञा विराग की, उज्जवल आत्म, उदय की।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उतर दें– 1X5=5

(i) महादेवी वर्मा के जीवन और व्यक्तित्व पर संक्षेप में प्रकाश डालें।

(ii) 'पंच परमेश्वर' कहानी का सारांश लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्न का उत्तर दीजिए– 1X5=5

(i) 'गौरा' कैसी थी?

(ii) आरसी प्रसाद सिंह ने मर जाना किसे कहा है?

(iii) 'रानी नागफनी की कहानी' किसके द्वारा लिखी गयी है?

(iv) 'जीवन का झरना' शीर्षक कविता क्या संदेश देती है?

(v) 'मंगर' किस वेश–भूषा में रहता था?

(vi) जुम्मन के पिता का क्या नाम था?

(vii) 'सुन्दर का ध्यान कहीं सुन्दर' शीर्षक कविता में कवि ने किसका



BiharboardQuestionpaper.com

बखान किया है?

(viii) ''बेटा, खुदा से डरो। पंच न किसी के दोस्त होते हैं और न दुश्मन''–

यह उक्ति किसकी है?

4. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए– 1X5=5

(i) केवल मनोरंजन काव्य का साधन नहीं है। कविता पढ़ते समय मनोरंजन अवश्य होता है, पर उसके उपरान्त कुछ और होता है। मनोरंजन करना कविता का प्रधान गुण है, जिससे वह मनुष्य के चित्त को अपना प्रभाव जमाने के लिए वश में किए रहती है, उसे इधर–उधर जाने नहीं देती। यही कारण है कि नीति और धर्म संबंधी आदेश चित्त पर वैसा असर नहीं करते, जैसा कि काव्य से निकली हुई शिक्षा असर करती है।

(ii) किसी राष्ट्र या जाति में संजीवनी शक्ति भरने वाला साहित्य ही है। इसलिए यह सर्वतोभावेन संरक्षणीय है। सब कुछ खोकर यदि हम उसे बचाए रखेंगे, तो फिर इसी के द्वारा हम सबकुछ पा भी सकते हैं। इसे खोकर यदि बहुत कुछ पा भी लेंगे, तो फिर उसे पा न सकेंगे। कारण, यह हमारे पूर्वजों का चिर संचित ज्ञान वैभव है। अन्यान्य लौकिक वैभव नश्वर हैं। यह अविनाशी है। इसलिए इसका जो पल्ला पकड़े रहेगा, वह अमर होगा।



BiharboardQuestionpaper.com

5 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें– 1X5=5

(i) बिहार दिवस

(ii) छठ पूजा

(iii) नारी शिक्षा

(iv) छात्र जीवन और अनुशासन

(v) मंहगाई एक समस्या

(vi) वसंत ऋतु

अथवा

निम्नलिखित में से किसी एक का पत्र–लेखन करें–

क. अपने प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन–पत्र लिखें, जिसमें अपनी बीमारी के कारण छुट्टी देने का अनुरोध किया गया हो।

ख. पुस्तक खरीदने के लिए 1000 रू0 की मांग करते हुए पिता के पास एक पत्र लिखिए।



BiharboardQuestionpaper.com